जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025


## सार-समाचार

### स्कूटी सवार महिला ट्रक के नीचे दबी, मौत

**बीदासर** (निस)बीदासर गोपालपुरा मुख्य सड़क मार्ग पर कस्बे के केके हार्डवेयर के पास सोमवार की दोपहर स्कुटी सवार महिला की ट्रक के निचे दबने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीदासर तहसील के गांव बालेरा की 27 वर्षीय सुशिला मंडा स्कुटी लेकर बीदासर बाजार से घरेलु सामान खरीदकर वापस अपने गांव जा रही थी, कि दूंकर रोड पर एक बिना नंबर प्लेट के मूंगफली की बोरियों से भरे ट्रक के निचे दबने से महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई, तथा वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव राजकीय सीएचसी में पहुंचाया। वही मृतका के देवर सुरेंद्र ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी कि मेरी भाभी बीदासर से घरेलु सामान खरीद कर स्कुटी से वापस गांव बालेरा आ रही थी कि दूंकर रोड़ पर बिना नंबर के ट्रक के वाहन चालक वाहन को लहराता हुआ तेज गति व गफलत से चलाते हुए स्कुटी के टक्कर मारी जिससे मेरी भाभी की ट्रक के निचे आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के देवर सुरेंद्र की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर सरकारी अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके पर ही वाहन को छोड़कर फरार हो गया। मृतक महिला के दो पुत्र है।

### 140 छात्राओं को स्वेटर वितरित की

**चूरू** (निसं)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू द्वारा स्वर्गीय ताराचन्द मरदा की स्मृति में शरद मरदा, मरदा सेवा ट्रस्ट चूरू के सौजन्य से राजकीय सर्व हितकारी बालिका उमावि चूरू की 140 छात्राओं को स्वेटर वितरण की गई। कार्यक्रम संयोजक जगदीश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चूरू बृजेंद्र दाधीच, रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रघुनंदन शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा, छतरसिंह डागा, बालकृष्ण बंशिया, सुनील भाउवाला के आतिथ्य व प्रधानाचार्य अमरसिंह कस्वां की अध्यक्षता में स्वेटर वितरित की गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समकक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू के श्याम सुंदर शर्मा ने संस्था के सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरदा सेवा ट्रस्ट चूरू द्वारा सरकारी विद्यालयों में स्वेटर वितरण कर पुण्य का कार्य किया है। सरिता आत्रेय ने भामाशाह एवं रेड क्रॉस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ट्रामाडोल टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**बीदासर** (निसं)। नशे के खिलाफ बीदासर पुलिस व एएनटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए रविवार की रात्रि में ट्रामाडोल टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर बीदासर निवासी वैभव सुंदरीया को अवैध नशीली टेबलेट ट्रामाडोल के साथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 हजार 4 सौ गोलियों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सोमवार को गिरफ्तार किए गए युवक को न्यायालय में पेश करने पर दो दिन की पीसी रिमांड पर भेजा।

## जरूरतमंद की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य होता है : राठौड़

**चूरू,** (कासं)। राजनीति जब सेवा का माध्यम बने इसका सबसे बड़ा उदाहरण देखना हो तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की राजनीति को देखा जा सकता है, जिनका एक मात्र ध्येय गरीब की सेवा करना है। प्रकरण था, बनवारीलाल धानक गांव पुनरास तारानगर चूरू के पुत्र सोहनलाल एवं कृष्ण कुमार एवं पौत्र संजय कुमार की लगभग दो वर्ष पूर्व नहर में डूबने से मृत्यु हो गई थी परंतु कोई पोस्टमार्टम नहीं होने से मामला फंस गया और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं होने से सरकारी सहायता से वंचित था। जब इस बात से एस सी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीता राम लुगरिया ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को अवगत करवाया तो उन्होंने पीड़ित परिवार की व्यथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सामने रखी। राजेन्द्र राठौड़ एवं जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर सहायता राशि देना स्वीकृत किया। प्रत्येक मृतक व्यक्ति के परिजन सावित्री देवी पत्नी बनवारीलाल धानक को दो दो लाख रुपए का चेक एवं मुकेश देवी पत्नी कालुराम धानक को दो लाख रुपए का चेक राजेन्द्र राठौड एवं विधायक हरलाल सहारण, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने प्रदान किया।

इस पर पीडित परिवार ने राजेंद्र राठौड को गरीबों का मसीहा बताया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य होता है, जिस प्रकार प्रदेश में एक संवेदनशील सरकार है, उस सरकार से हर आम व्यक्ति को आशा है और जब मुख्यमंत्री को पता लगा इस समस्या के बारे में तो उन्होंने गरीब की सहायता करने के लिए शीघ्र ही कदम उठाया। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता सीताराम लुगरिया ने जब मुझे इस बारे में अवगत करवाया कि इस गरीब परिवार का सहारा छीन गया है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता कर उनको यह सहायता दिलवाई है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गरीब को गणेश मानकर कार्य करना पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड की राजनीति का हिस्सा रहा है।

इस पर एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने आभार जताते हुए कहा कि यह धनराशि इस परिवार के लिए भरण पोषण के लिए उपयोगी साबित होगी। इस राशि से इनके बिछड़े हुए परिजन तो नहीं मिल सकेंगे लेकिन इससे इन्हें जीवन यापन में सहायता मिल सकेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रा राम गुरी, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, युवा नेता अभिषेक चोटिया, पूर्व जिला उप प्रमुख महेंद्र न्योल, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश नाई, संत कबीर शिक्षा समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह धानक, जिला मंत्री सत्तार खान, जिला प्रवक्ता सुशील लाटा, रवि दाधीच, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड, निजजू नाई सहित अनेक लोग रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साजिश के विरोध में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल की अध्यक्षता में चूरू जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय आपणी योजना के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि कोई महात्मा गांधी से नफरत कर सकता है, लेकिन उनकी विचारधारा से नही, उनकी विचारधारा आज भी दुनिया के हर कोने में गरीब और मजदूरों की आवाज है। कस्वां ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। आने वाले दिनों में लगातार वार्डो, ब्लॉकों में प्रदर्शन करेंगे, इस आंदोलन को ग्रासरूट लेवल तक लेकर जाएंगे। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और सोनिया गांधी यूपीए की चेरपर्सन थी तब देश के करोडो लोगो को रोजगार देने के लिए यह नई योजना लाई गई थी। देश के किसानों और गरीब आदमी को रोजगार देने के लिए यह बेमिसाल योजना लाई गई थी जिसका नाम महात्मा गांधी मनरेगा योजना था। आज भाजपा सरकार इस योजना को खत्म करना चाहती है जिसको हम कभी नही करने देगे। सादुलपुर की पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ऐतिहासिक योजना मनरेगा को मिटाने पर तुली है। भाजपा सरकार महात्मा गांधी का नाम हटाकर न केवल उनकी विरासत पर हमला कर रही है, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के कानूनी अधिकार को भी छीन रही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**चूरु** (निसं)। बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के जिला समन्वयक महेंद्र कुमार खारड़िया, प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव राजेश भावसिंहका, प्रबंध समिति के सदस्य श्यामसुंदर शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया।

दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मंजू शमा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को अपनाकर राष्ट्र के प्रति कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के जिला समन्वयक महेंद्र कुमार खारड़िया ने छात्राओं को एन.एस.एस. की गतिविधियों से सहकारिता भाव सिखते हुए निरंतर सृजनात्मकता उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही उन्होंने डिजिटल साक्षरता का महत्व बताते हुए स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करने, जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान वार्तालाप से करने, अपने परिजनों के अनुभवों का लाभ लेने और संस्कार के भाव के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आशा कोठारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं में सहकारिता भाव को जागृत करता है। उन्होंने कहा की सेवा वो प्रकल्प है, जिसकी शब्दों में व्याख्या नहीं की जा सकती।

कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी ने विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ललिता मंडावेवाला, मीना भावसिंहका आदि अतिथि भी पधारे। छात्रा मनीषा सैनी, साक्षी व्यास, यशवंती, मुस्कान आदि ने राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया।

### कार्यालय संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) चूरू संभाग, चूरू

क्रमांक-सनि./स्कूल शिक्षा/चूरू/लेखा/शै.भ्र./2025-26/105

दिनांक-18.12.2025

**शैक्षणिक भ्रमण ई-निविदा संख्या 01/2025-26**

एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के तहत चूरू संभाग के लगभग 150 विद्यार्थियों के दल को अन्तर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाना है। इस हेतु IRCTC/ पंजीकृत सेवा प्रदाता/राजस्थान पथ परिवहन निगम से शैक्षणिक भ्रमण हेतु परिवहन, भोजन, आवास, स्थानीय परिवहन व अन्य समस्त व्यय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बान्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http//www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**UBN NO. EDU2526SLOB00104**

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
चूरू संभाग, चूरू

## आरोग्य मेला 25 से

**चूरू** (निसं)। आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और हॉम्यो विभाग की ओर से संभागीय स्तर पर चार दिवसीय मेले की तैयारी को लेकर सोमवार को आयुर्वेद विभाग में प्रेस वार्ता का अयोजन किया गया।

डॉ. सत्यवीर सिंह अतिरिक्त निदेशक, नोडल अधिकारी, बीकानेर ने बताया कि मेला 25 से 28 दिसम्बर तक पुलिस लाईन मैदान में अयोजित होगा। मेलें को लेकर लगभग तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। मेले के दौरान रोजाना सुबह 7 से साढे 8 बजे तक योगाभ्यास करवाया जाएगा।

इसके बाद सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेषज्ञों की ओर से निःशुल्क औषधि वितरण और औषधि वितरण के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला काढा पिलाया जाएगा। साथ ही दोपहर 12 बजे से स्वास्थ्य विषयक प्रश्नोत्तरी का अयोजन होगा, जिसमें प्रश्न के उत्तर देने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 39/2025

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री शशी कान्त मोदी पुत्र स्व. श्री एस.एन. मोदी निवासी 203 अमृत निवास सरोजनी रोड रामकृष्ण मिशन मार्ग सेन्टाकुज वेस्ट मुम्बई ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री सत्यनारायण सागर मल मोदी एज्युकेशन ट्रस्ट झुंझुनू रूहेला भवन खीचड हॉस्पिटल क सामने नवलगढ रोड सीकर में न्यास के न्यासी श्री सत्यनारायण जालान की मृत्यु श्री चन्द्रकान्त मोदी का त्याग पत्र व मृत्यु श्रीमती प्रेमलता सूर्यकान्त मोदी की मृत्यु श्री ऋषि कुमार बरासिया की मृत्यु होने से उनका नाम ट्रस्टी पद से विलोपित करने व उनके स्थान पर श्री सौरभ सूर्यकान्त मोदी श्री प्रियंक शशिकान्त मोदी श्रीमती कनिका सौरभ मोदी को नवीन प्रन्यासी लिए जाकर प्रन्यासियों में हुये परिवर्तन को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 30.12.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर


